<u>कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर ।</u>

पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य-05/2024 **दिनांक 19/06//2024**

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक,

वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0 ।

अपने पत्र संख्याःवीजेड-सोशल मीडिया-(18)/2020/10720,दिनांकःजून 04,2020 व पत्र संख्याः41/6-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जो पुलिस विभाग एवं उसके अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है ।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 18.06.2024** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

<u>01. CONVICTION” के अन्तर्गत मॉनिटरिंग सेल व अभियोजन द्वारा की गयी लगातार प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप 01 नफर अभियुक्त को मा0 न्यायालय द्वारा दोषी करार देते हुए दी गयी सजा ’</u>

दिनांक 18.06.2024 को मॉनिटरिंग सेल व अभियोजन के प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप थाना कासिमाबाद पर पंजीकृत मु0अ0सं0 147/14 धारा 302/34 भादवि से सम्बन्धित प्रकरण में 01 नफर अभियुक्त धर्मेन्द्र राम पुत्र मोहन राम निवासी नसीरुद्दीनपुर थाना कासिमाबाद जनपद गाजीपुर के विरुद्ध लगातार किये गये प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप अभियुक्त उपरोक्त को धारा 302/34 भादवि में आजीवन कारावास व 50,000 रुपये के अर्थदण्ड , अर्थदण्ड अदा न करने पर अभियुक्त को 02 वर्ष के अतिरिक्त कारावास से दण्डित किया जायेगा।

2. **<u>थाना मुहम्मदाबाद व थाना करीमुद्दीनपुर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा चेंकिंग के दौरान पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर करने वाला 25000 रुपये का इनामिया 01 नफर अभियुक्त को 01 अदद तमंचा .315 बोर तथा 03 अदद खोखा कारतूस व 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर व 20000 रु नगद तथा 01 अदद सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल के साथ किया गया गिफ्तार ।</u>**

अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष करीमुद्दीनपुर द्वारा पूर्वांचल अंडरपास के पास चेकिंग की जा रही थी कि एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार बदमाश द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से मोटरसाइकिल चढ़ाते हुए मुहम्मदाबाद की तरफ भागने का प्रयास किया गया जिसके बारे में जरिये RT सेट सूचना देकर उसका पीछा किया गया तो हाटा नहर पुलिया से पहले ग्राम मानिकपुर जाने वाले मार्ग पर मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा घेराबंदी कर उसे रोकने का प्रयास किया गया तो भाग रहे बदमाश द्वारा मोटरसाइकिल से फिसल कर गिरने के पश्चात पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया जाने लगा जिसके आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा किये गए जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी जिससे वह घायल हो गया है। घायल बदमाश को प्राथमिक उपचार हेतु स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया तथा उसके आपराधिक इतिहास के बारे मे जानकारी की जा रही है।

<u>गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पताः-</u>

सूरज शर्मा पुत्र विष्णु शर्मा निवासी निवासी B30/251 नगवा थाना लंका जनपद वाराणसी

बरामदगीः

01 अदद तमंचा .315 बोर तथा 03 अदद खोखा कारतूस व 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर, 01 अदद सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल व 20000 रु नगद

आपराधिक इतिहासः-

1.मु0अ0सं0-45/24 धारा 457/380/511 भादवि थाना मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर।

2. मु0अ0सं0-58/24 धारा 457/380/411 भादवि थाना मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर

पुलिस अधीक्षक
गाजीपुर